मुख्यमंत्री ने 8 राज्य राजमार्गों के सुधार और सविाहा-पल्लिूखेड़ा रोड के चौड़ीकरण को दी मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2023 को हरयिाणा राज्य में कनेक्टविटिी बढ़ाने और नरि्बाध परविहन सुवधिा की दशि में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 75.16 करोड़ रुपए की अनुमानति लागत से 8 राज्य राजमार्गों के सुधार के अलावा 1.47 करोड़ की लागत से सविाहा-पल्लिूखेड़ा सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लयि प्रशासनकि मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बदि

- 6.80 करोड़ रुपए के अनुमानति बजट के साथ अंबाला ज़लि में 12.72 कलिोमीटर तक फैली जगाधरी-बलिासपुर साढ़ौरा-नारायणगढ़-रायपुर रानी का सड़क सुधार कयिा जाएगा।
- 1.69 करोड़ रुपए की अनुमानति राशि के साथ भविानी ज़लि में बरवाला-हसिार-सविनी सघिानी सड़क (एसएच-19) का सुधार कयिा जाएगा, इस सड़क की लंबाई 5.40 कमिी. है।
- 5.38 करोड़ रुपए की लागत से भविानी ज़लि में 9.23 कलिोमीटर तक फैली रेवाड़ी-दाहनिा-कनीना-महेंद्रगढ़-सतनाली-लोहारू सड़क (एसएच संख्या-26) का सुधार कयिा जाएगा।
- 17.72 करोड़ रुपए की लागत से 32.00 कलिोमीटर लंबी महेंद्रगढ़ ज़लि में महेंद्रगढ़-सतनाली-लोहारू सड़क (एसएच-24) का सुधार कयिा जाएगा।
- हसिार ज़लि में 7.62 करोड़ रुपए की लागत से 11.67 कलिोमीटर लंबी आदमपुर से झांसल रोड का सुधार शामलि है।
- करीब 27.58 करोड़ रुपए से हसिार ज़लि में 26.038 कलिोमीटर लंबी करनाल असंध-जींद-हांसी रोड (एसएच-12) का सुधार कयिा जाएगा।
- करनाल ज़लि में कुल 3.8 करोड़ रुपए की लागत से 0.500 कलिोमीटर लंबी कुंजपुरा करनाल रोड (एसएच-08) पर आरसीसी साइड ड्रेन बनाया जाएगा।
- 7.96 करोड़ रुपए से हसिार ज़लि में 7.064 कलिोमीटर लंबी सुरेवाला चौक से उकलाना भूना (एसएच-02) रोड के अलावा 1.47 करोड़ रुपए की अनुमानति लागत से सविाह से पल्लिूखेड़ा रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कयिा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-approves-improvement-of-8-state-highways-and-widening-of-sivaha-pillukheda-road